THE CARE AND SUPPORT SECTOR

A LIFE CHANGING LIFE

careandsupportjobs.gov.au

देखभाल और सहायता क्षेत्र में काम करना

देखभाल और सहायता क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया में तेज़ी से बढ़ रहे रोजगार बाज़ारों में से एक है। वृद्ध देखभाल, विकलांगता सहायता और पूर्व सैन्य कर्मचारियों की देखभाल के क्षेत्र में नौकरियाँ उपलब्ध हैं।

देखभाल और सहायता क्षेत्र में काम क्यों करें?

देखभाल और सहायता क्षेत्र का काम महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उन लोगों का जीवन सुधरता है जिनके साथ आप काम करते हैं। इससे आपको भी, निजी और व्यावसायिक स्तर पर बहुत से लाभ मिल सकते हैं।

यह एक प्रगतिशील क्षेत्र है जिसमें बहुत से अवसर हैं। इसमें कार्य करने के घंटों और काम की व्यवस्था में लचीलापन उपलब्ध होता है, जिससे आप अपने काम और घरेलू जीवन, या काम और अध्ययन में संतुलन रख सकते हैं।

इस काम में विविधता है, जिसमें कई प्रकार के पद और तरक्की के रास्ते हैं। इन पदों में, अक्सर हर दिन अलग तरह का होता है।

देखभाल और सहायता क्षेत्र के कर्मचारियों के अक्सर उन लोगों से संतोषप्रद संबंध बन जाते हैं जिनकी वे सहायता करते हैं।

आप जिनके साथ काम करेंगे उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और उनके कौशल, आत्मनिर्भरता, खुशियाँ और क्षमता का निर्माण करने या बनाए रखने में सहायता करेंगे। आप अपने कम से उन लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

आप किसे देखभाल और सहायता प्रदान करेंगे?

देखभाल और सहायता के क्षेत्र में, आप वृद्धों के लिए काम कर सकते हैं, उन्हें उनके घरों में आत्मनिर्भर बने रहने या आवासीय वृद्ध देखभाल स्थलों में उनके निवास को आरामदायक बनाने में सहायता करके।

आप अक्षम लोगों के साथ भी काम कर सकते हैं, उन्हें अपने लक्ष्यों को पूरा करने, उनकी क्षमताओं को विकसित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करके।

आप पूर्व सैन्य कर्मचारियों को देखभाल और सहायता सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं। ये वे लोग हैं जो ऑस्ट्रेलियन सुरक्षा सेना (डिफेंस फोर्स) में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। ये किसी भी आयु के, स्त्री या पुरुष हो सकते हैं, और कुछ विकलाँग भी हो सकते हैं।

आप विविध प्रकार की पृष्ठभूमियों, सँस्कृतियों और जीवन के अनुभवों वाले लोगों के साथ काम कर सकते हैं।

यह काम किस तरह का होता है?

देखभाल और सहायता के क्षेत्र में कई तरह की नौकरियाँ उपलब्ध हैं।

निजी देखभाल और सहायता कर्मचारी

सहायता कर्मचारी लोगों की दैनिक गतिविधियों में सहायता करते हैं ताकि वे अपना जीवन अच्छी तरह से और आत्मनिर्भरता के साथ बिता सकें।

अलग-अलग लोगों को अलग-अलग कारणों से सहायता की ज़रुरत होती है। कुछ लोगों को स्नान करने, स्वच्छता, खाना खाने या कपड़े पहनने में सहायता की ज़रुरत होगी। कुछ को बाहर समुदाय में आने-जाने, दूसरों से मिलने जुलने के लिए जाने, या काम पर जाने में सहायता की ज़रुरत हो सकती है। आप किसी व्यक्ति को उनके स्वयं के घर में रहने और उसे संभालने में सहायता करने के लिए खरीददारी, खाना बनाने, सफ़ाई या बागबानी जैसे काम भी कर सकते हैं।

हो सकता है कि आपको, आपके द्वारा प्रदान की गई सहायता, उस व्यक्ति की सकुशलता, और उनके लक्ष्यों को पाने के लिए उनके प्रयासों में प्रगति या मुद्दों के बारे में नियमित जानकारी देनी पड़े।

घरेलू सहायता

ऑस्ट्रेलिया के वृद्ध निवासियों, अक्षम लोगों और पूर्व सैन्य कर्मचारियों को उनका घर चलाने के लिए जिन कामों की ज़रुरत होती है उनको करने में सहायता करने वाले कुछ कार्य उपलब्ध हैं। इन कामों में शामिल हो सकता है, सफ़ाई करना, खाना पकाना, घर की देखभाल, और बागबानी।

योग्यता प्राप्त संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर या अन्य विशेषज्ञ पेशेवर

योग्यता प्राप्त संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर या अन्य विशेषज्ञ पेशेवर साधारणतया किसी विशेष प्रकार की सहायता के काम में निपुण होते हैं और उनके पास सामान्यतया अतिरिक्त योग्यताएँ होती हैं जैसे कि विश्वविद्यालय की डिग्रियाँ।

इनमें सबसे अधिक संबद्ध स्वास्थ्य पेशों के पद शामिल होते हैं, जैसे कि वाक चिकित्सक (स्पीच पैथोलॉजिस्ट), ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता, फिजियोथेरेपिस्ट, व्यवहार सहायता विशेषज्ञ (बिहेवियर सपोर्ट स्पेशलिस्ट), आहार विशेषज्ञ और परामर्शदाता (काउंसलर)।

पंजीकृत या नामांकित नर्सें

पंजीकृत या नामांकित नर्सों द्वारा लोगों को सुश्रुषा (नर्सिंग) से जुड़ी देखभाल प्रदान की जाती है, जैसे की उपचार (ट्रीटमेंट) करना या दवाई देना, चिकित्सीय उपकरणों का संचालन करना, जीवन-मरण के मार्मिक संकेतों पर निगाह रखना और प्राथमिक चिकित्सा करना।

नर्सों के पास टरशरी अध्ययन योग्यताएँ (क्वालिफिकेशन्स) (नामांकित नर्सों के लिए, नर्सिंग में डिप्लोमा या एडवांस्ड डिप्लोमा, और पंजीकृत नर्सों के लिए नर्सिंग में स्नातक डिग्री)। पंजीकृत नर्सों के लिए Nursing and Midwifery Board of Australia के साथ औपचारिक रूप से पंजीकृत होना आवश्यक है।

अन्य पद

विभिन्न प्रकार के कई अन्य पद ऐसे भी हैं जिन पर रहकर सहायता कर्मचारियों के साथ काम किया जा सकता है, जैसे कि सहायता संयोजक औरआपका पक्षसमर्थन करने वाले (एडवोकसी) कर्मचारी।
सेवा प्रदाताओं के लिएप्रबंधकों, टीम लीडरों और सुपरवाइज़रों और वित्त, मानव संसाधन, रिसेप्शन, डाटा एंट्री में काम करने वाले प्रबंधकारीप्रशासकीय(एडमिनिस्ट्रेटिव) पदों के लिए तथा अन्य काम-काजी क्षेत्रों में नौकरियाँ उपलब्ध हैं।

मैं देखभाल और सहायता के क्षेत्र में कैसे प्रवेश कर सकता/ती हूँ?

देखभाल और सहायता के क्षेत्र में काम करना शुरु करने के लिए कई रास्ते हैं। कुछ पदों पर काम करने के लिए, औपचारिक योग्यताओं की आवश्यकता होती है, जैसे कि नर्सिंग और संबद्ध स्वास्थ्य सेवाएँ, तो बहुत से पदों के लिए ऐसा आवश्यक नहीं है, जैसे कि, समर्थन कर्मचारी।
नियोक्ताओं के लिए, अक्सर सही व्यक्ति का चयन करना उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि सही योग्यताओं वाला व्यक्ति मिलना। आपके निजीगुण, जैसे कि आपकी देखभाल करने की प्रवृत्ति, लचीलापन और आपका मैत्रीपूर्ण स्वभाव, ऐसी चीजे हैं जो नियोक्ता आपमें खोजते हैं, और ये चीजें आपको पद के अनुसार काम करने के लिए उचित माने जाने में सहायक होती हैं।
यदि आप भिन्न पृष्ठभूमि से हैं, तो हो सकता है कि आप अपनी भाषाई योग्यताओं और साँस्कृतिक ज्ञान का उपयोग उन लोगों की देखभाल और सहायता करने में कर सकें जो समान या मिलती-जुलती पृष्ठभूमि से हों।
कुछ पदों के लिए, आपको अपनी कर्मचारी आकलन (स्क्रिनिंग) जाँच करवानी पड़ सकती है, जिसमें पुलिस द्वारा आपकी पृष्ठभूमि की जाँच की जाती है। आपके नियोक्ता द्वारा आपके काम शुरु करने से पहले इसकी व्यवस्था की जा सकती है। आपको एक प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण-पत्र (First Aid Certificate) और एक ड्राइवर लाइसेंस की भी ज़रुरत पड़ सकती है।

बहुत से नियोक्ता उन लोगों के लिए पद के अनुसार काम करते समय प्रशिक्षण देते हैं जिनको वह काम करने का अनुभव नहीं होता है। काम पर वापस लौटने वाले, या अपना करियर बदलने की इच्छा वाले लोगों के पूर्व अनुभवों को अक्सर मान्यता मिल सकती है। योग्यता बढ़ाने के, या नौकरी के लिए स्वयँ को तैयार करने के और अगर ज़रुरत हो अंक व अक्षर ज्ञान में सुधार करने के कई विकल्प होते हैं।
अधिक जानकारी पाने के लिए https://www.careandsupportjobs.gov.au/skills-and-training पर जाएँ।

देखभाल और सहायता के क्षेत्र में विविधता का स्वागत किया जाता है

देखभाल और सहायता का क्षेत्र लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों और विभिन्न पृष्ठभूमियों वाले लोगों के लिए काम करने का एक सही क्षेत्र हो सकता है।
आप चाहे स्कूल की पढ़ाई खत्म करने वाले/ली हों, काम पर वापस लौटने के बारे में विचार कर रहे/ही हों, करियर बदलने का सोच रहे/ही हों, या बस कोई ऐसा काम खोज रहे/ही हों जो आपके मूल्यों के अनुसार आपके लिए अधिक उपयुक्त हो और आपको अपने काम के प्रति और अधिक संतुष्टि का अहसास कराए।
आपके कौशत और अनुभव को औपचारिक रुप से मान्यता मिल सकती है। और अपके निजी अनुभव और पृष्ठभूमि के कारण आप उन लोगों से अर्थपूर्ण संबंध बना सकते हैं जिनकी आप सहायता करते हैं।

नौकरी खोजना

देखभाल और सहायता के क्षेत्र के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए, और वर्तमान में उपलब्ध नौकरियों का पता लगाने के लिए, www.careandsupportjobs.gov.au पर जाएँ।